युवती की हत्या कर जला दिया था शव, आरोपी गिरफ्तार

- आत्महत्या का रूप देने की थी कोशिश,
- शादी से इनकार करना युवती को पड़ गया भारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. खजराना थाना क्षेत्र के तपेश्वरी बाग में युवती की जलने से हुई मौत के मामले का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया. शादी से इनकार करने पर उसके दोस्त मयंक शाक्य ने युवती की गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में शव जलाकर घटना को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

रविवार 26 जुलाई को तपेश्वरी बाग में एक युवती के जले हुए शव मिलने की सूचना पर खजराना पुलिस मौके पर पहुंची थी. शुरुआत में मामला संदिग्ध मौत का लग रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच में हत्या के संकेत मिले. इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू की. जांच में सामने आया कि युवती और मयंक शाक्य के बीच करीब पांच साल से दोस्ती थी. युवती द्वारा शादी से इनकार करने के बाद दोनों के बीच विवाद हुआ और इसी बात से नाराज होकर मयंक ने उसकी हत्या कर दी. वारदात के बाद साक्ष्य मिटाने के लिए शव को जलाकर आत्महत्या की कहानी बनाने का प्रयास किया. पुलिस ने चीनोर रोड, गुप्ता पूरा डबरा, ग्वालियर के रहने वाले 35 वर्षीय मयंक शाक्य को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी इलेक्ट्रिशियन का काम करता है और स्नातक है. पुलिस उससे पूछताछ कर वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच कर रही है.

साक्ष्यों के आधार पर किया गिरफ्तार

एफएसएल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामला हत्या का सामने आया था. सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया है. आरोपी ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से घटना को आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया था.

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन 2, अमरेन्द्र सिंह

चार पिस्टल लेकर शहर में सौदा करने पहुंचे दो तस्कर गिरफ्तार

घेराबंदी में रीजनल पार्क रोड से दबोचे आरोपी, कार और मोबाइल भी जब्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर में अवैध हथियारों का सौदा करने पहुंचे दो तस्करों को क्राइम ब्रांच ने बुधवार को रिजनल पार्क रोड से गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से चार देशी पिस्टल, चार जिंदा कारतूस, एक स्विफ्ट कार और तीन मोबाइल फोन जब्त किए हैं. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि हथियार कहां से लाए गए थे और इन्हें किसे बेचने की तैयारी थी.

क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक वृंदावन गार्डन के सामने स्विफ्ट कार एमपी 09 आर 3234 में हथियार लेकर बैठे हैं. टीम ने घेराबंदी कर कार की तलाशी ली तो डैशबोर्ड में रखी थैली से चार देशी पिस्टल, चार मैगजीन और चार जिंदा कारतूस मिले. इसके बाद दोनों को

मौके से गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गुमास्ता नगर में रहने वाले 51 वर्षीय परसराम उर्फ परसिया श्रीवास्तव और चंदननगर में रहने वाले 24 वर्षीय सोहेल उर्फ बलबली पटेल के रूप में हुई है. पुलिस ने दोनों के कब्जे से हथियारों के अलावा स्विफ्ट कार और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं. जब्त हथियारों की कीमत करीब एक लाख रुपए बताई जा रही है. प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी शहर में हथियार खपाने की फिराक में थे. पुलिस अब यह पता लगा रही है कि इनके तार किन लोगों से जुड़े हैं और इससे पहले इन्होंने कहां कहां हथियारों की सप्लाई की है, मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच जारी है.

गिरफ्तार आरोपी परसराम उर्फ परसिया श्रीवास्तव और सोहेल उर्फ बलबली पटेल का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड है. दोनों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्जनभर से अधिक अपराध दर्ज हैं. पुलिस अब उनके पुराने मामलों की जानकारी जुटाने के साथ ही यह भी पता लगा रही है कि अवैध हथियारों के कारोबार में उनकी भूमिका कब से है और इनके संपर्क में कौन कौन लोग हैं.

सख्त कार्रवाई की जाएगी...

अवैध हथियारों की तस्करी में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है. उनके कब्जे से चार देशी पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं।. पूछताछ में हथियारों के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इससे जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है. अवैध हथियारों के कारोबार में शामिल सभी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

डीसीपी क्राइम, राजेश त्रिपाठी

चोरी की शंका में दो युवकों को रस्सी से बांधकर पीटा, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने लिया हिरासत में

नव भारत न्यूज

इंदौर. चोरी की शंका में दो युवकों को पकड़कर रस्सी से बांधने और डंडों से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है. घटना गायत्री नगर क्षेत्र की बताई जा रही है. वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है.

गायत्री नगर में एक घर में दो युवक घुस गए थे. उस समय घर में महिला अकेली थी. शोर मचाने पर दोनों युवक वहां से भागकर रेलवे ब्रिज की ओर पहुंचे, जहां रहवासियों ने उन्हें पकड़ लिया. इसके बाद लोगों ने दोनों को रस्सी से बांधकर डंडों से पीट दिया. इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल

कर दिया. वीडियो में एक युवक के हाथ बंधे दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरा रेलवे पटरी के पास बैठा नजर आ रहा है. एक युवक डंडा लेकर मारपीट करता दिख रहा है. कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को अपने साथ थाने ले गई. पहले वीडियो केसरबाग रोड क्षेत्र का बताया जा रहा था, लेकिन जांच में मामला अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र का निकला. दोनों युवकों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है. अभी तक चोरी की शिकायत लेकर कोई फरियादी थाने नहीं पहुंचा है. शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

जांचा जा रहा हैं आपराधिक रिकॉर्ड...

दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर वायरल वीडियो की जांच कराई है. उनका आपराधिक रिकॉर्ड देखा जा रहा है. चोरी संबंधी शिकायत मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई के साथ ही अन्यथा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी.

डीसीपी जोन 4, सुनील मेहता
थाना प्रभारी द्वारकापुरी, मनीष मिश्रा

चेतन नाथ के नशा नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा, गांजा तस्करी में साथी अंकित गिरफ्तार

10 मामलों में आरोपी है अंकित यादव, पूछताछ में सामने आए दो और नामों की तलाश जारी

नव भारत न्यूज

इंदौर. गांजा और एमडी ड्रग्स तस्करी के मामले में गिरफ्तार कुख्यात बदमाश चेतन नाथ के एक और साथी को द्वारकापुरी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी अंकित यादव चेतन के साथ मिलकर नशे के कारोबार में शामिल था. करीब एक माह से उसकी तलाश कर रही पुलिस ने बुधवार को उसे पकड़ लिया. मामले में अब भी दो आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है.

कुछ समय पहले द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को 8 किलो गांजा, एमडी ड्रग्स और 19 लाख

रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया था. पूछताछ में उसने अपने साथियों के नाम बताए थे, जिनमें बालदा कॉलोनी निवासी अंकित पुत्र अशोक यादव भी शामिल था. पुलिस ने जांच के बाद अंकित को गिरफ्तार कर लिया. पूछताछ में उससे चेतन नाथ के साथ नशे के कारोबार और अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है. अंकित के खिलाफ पहले से 10 अपराध दर्ज हैं, जिनमें नशे से जुड़े मामले, मारपीट सहित अन्य अपराध शामिल हैं. जांच में यह भी सामने आया है कि चेतन नाथ का परिवार पहले से आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा रहा है. उसकी बहन सीमा नाथ पर आबकारी और एमडी ड्रग्स तस्करी के कई मामले दर्ज हैं. कुछ माह पहले क्राइम ब्रांच ने उसे गांजा और 45 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया था. वहीं, चेतन के जीजा महेश टोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं. पुलिस अब चेतन नाथ के बताए अन्य दो साथियों की तलाश कर रही है. इसके लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है.

आरोपी के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड की भी जानकारी सामने आई है. मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और नशे के नेटवर्क से जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है.

थाना प्रभारी द्वारकापुरी, मनीष मिश्रा

ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े तीन ट्रकों से बैटरी और वायर चोरी

इंदौर. भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में खड़े तीन ट्रकों से अज्ञात बदमाश बैटरी और सेल्फ वायर चोरी कर ले गए. शंकरबाग कॉलोनी में रहने वाले गोपाल जायसवाल ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने अपने ट्रक नम्बर एमपी 09 एचएच 8726 और एमएच 18 बीए 4111 को ट्रांसपोर्ट नगर में टीसीआई ट्रांसपोर्ट के सामने खड़ा किया था. सुबह ट्रक चेक करने पर बैटरी, सेल्फ और वायर गायब मिले, आसपास तलाश करने के बाद भी सामान नहीं मिला. थाना प्रभारी संतोष दूधी ने बताया कि शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है.

एक नजर में

नुक्कड़ नाटक से दिया जागरूकता का संदेश

इंदौर . नशे के बढ़ते खतरे के प्रति युवाओं और आम लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इंदौर के प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने बुधवार को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया. अभियान के तहत भंवरकुआं चौराहा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चितावद में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और नागरिकों ने नशामुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया. पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे नशे से दूरी, है जरूरी 2 .0 अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षु नवआरक्षकों ने अभिनय के जरिए नशे के दुष्परिणामों को बताया. उन्होंने युवाओं से नशे से बचने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की. कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और मौजूद नागरिकों ने नशामुक्ति की शपथ ली. आयोजन में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय की पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक शैलजा पटवा, निरीक्षक अमृता सोलंकी, निरीक्षक इमरतलाल धुर्वे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे.

पलासिया पर शुरू हुई ट्रैफिक लाइब्रेरी

इंदौर . पलासिया सेल्फी पॉइंट पर बुधवार को ट्रैफिक लाइब्रेरी बस का शुभारंभ किया. आईशर ग्रुप ऑफ फाउंडेशन और माय एफएम की पहल से शुरू हुई इस लाइब्रेरी के माध्यम से आम लोगों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया. कार्यक्रम में पुलिस उपायुक्त (यातायात/क्राइम) राजेश कुमार त्रिपाठी और डीसीपी जोन 4 सुनील कुमार मेहता मौजूद रहे. इस दौरान यातायात पुलिस ने मॉड्यूलर व्हीकल बैरियर/अरेस्टर और टायर किलर का डेमो भी किया. पुलिसकर्मियों को इन उपकरणों के सुरक्षित उपयोग और तेज रफ्तार या संदिग्ध वाहनों को रोकने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई.

प्लेटफार्म और कोच के बीच फंसने से यात्री के दोनों पैर कटे

इंदौर . इंदौर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने की जल्दबाजी एक यात्री के लिए जानलेवा साबित हुई. सीट लेने के लिए दौड़ रहे यात्री के पैर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच फंस गए, जिससे उसके दोनों पैर कट गए. जीआरपी जवान ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया. बंगाल में रहने वाले 45 वर्षीय नूर इस्लाम धार की एक सीमेंट कंपनी में काम करता है. वह घर जाने के लिए इंदौर रेलवे स्टेशन पहुंचा था. शिप्रा एक्सप्रेस के प्लेटफार्म पर आते ही वह अन्य यात्रियों के साथ सीट लेने के लिए दौड़ने लगा. इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से उसके पैर ट्रेन और प्लेटफार्म के बीच आ गए. हादसे में उसके दोनों पैर कट गए. घटना के बाद जीआरपी के जवान चेतन नरवले ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है.

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सोनम ने किया सरेंडर

- राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने दी जानकारी
- जमानत रद्द होने के बाद उठाया कदम

नव भारत न्यूज

इंदौर. बहुचर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड में आरोपी सोनम रघुवंशी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर कर दिया है. राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने सोनम के सरेंडर करने की पुष्टि की है. सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में सोनम की जमानत रद्द करते हुए उसे सरेंडर करने के निर्देश दिए थे.

विपिन रघुवंशी ने नव भारत को

बताया कि सोनम ने न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए सरेंडर किया है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद उसकी अगली कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी. विपिन रघुवंशी का कहना है कि सोनम ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सरेंडर कर दिया है, परिवार को न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा है.

ट्रकों से बैटरी चोरी करने वाली गैंग पकड़ाई, चार आरोपियों को पकड़ा

ऑटो और चोरी की बैटरियां सहित 3 .20 लाख का माल बरामद

नव भारत न्यूज

इंदौर. पार्किंग में खड़े ट्रकों से बैटरी चोरी करने वाली गैंग को भंवरकुआं पुलिस ने 24 घंटे के भीतर पकड़ लिया. पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो बैटरियां और वारदात में इस्तेमाल ऑटो जब्त किया है. आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ की जा रही है.

भंवरकुआं थाना क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट नगर सहित अन्य क्षेत्रों में खड़े बड़े वाहनों से बैटरी चोरी होने की शिकायत मिली थी. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले. इसमें एक संदिग्ध ऑटो दिखाई दिया, जिसके आधार पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की. तकनीकी जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने ऑटो चालक सहित चार आरोपियों मुदस्सीर खान उर्फ मेडी, रशीद खान, मोहसिन खान और सोनू उर्फ शाबाज शाह को पकड़ा. पूछताछ में आरोपियों ने बैटरी चोरी करना कबूल किया, जिसके बाद उनके कब्जे से दो बैटरियां

और वारदात में उपयोग ऑटो एमपी 09 आरबी 2062 बरामद किया. पुलिस अब आरोपियों से अन्य वारदातों और उनके साथियों के संबंध में पूछताछ कर रही है.

मामले में पूछताछ की जा रही है–सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया. आरोपियों से अन्य मामलों के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है.

11 दिन में 761 बुलेट के साइलेंसर उतारे

रात में भी यातायात पुलिस की चेकिंग जारी

इंदौर. पटाखे जैसी आवाज करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर और हूटर के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है. पिछले 11 दिनों में पुलिस ने 761 बुलेट से साइलेंसर उतरवाए हैं. अब रात के समय भी शिकायत वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग कर नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की जा रही है.

यातायात पुलिस ने अलग अलग जोन में रात 9 से 11 बजे तक चेकिंग पॉइंट लगाए हैं. जोन 3 में आजाद नगर क्षेत्र, जोन 2 में बापट चौराहा, रसोमा चौराहा और एलआईजी चौराहा, जबकि जोन 4 में राजेंद्र नगर चौराहा, पलसीकर चौराहा और गुलजार

चौकी पर टीमें तैनात की जा रही हैं. चेकिंग के दौरान पटाखे जैसी आवाज करने वाली बुलेट मिलने पर मौके पर ही साइलेंसर उतरवाकर चालानी कार्रवाई की जा रही है. इसके साथ ही वाहनों में लगे अवैध हूटर पर भी यातायात पुलिस नजर रख रही है, अब जल्द ही इन्हें नष्ट करने की प्रक्रिया की जानी है.

बस की टक्कर से घायल युवक ने तोड़ा दम

इंदौर. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में दो दिन पहले बस की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए 32 वर्षीय अनिल पटेल ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. गुरुवार 23 जुलाई को सन मारियो पब्लिक स्कूल के सामने सर्विस रोड पर बस नम्बर एमपी 09 डीयू 0528 के चालक ने तेज व लापरवाही से बस चलाते हुए स्पीड ब्रेकर पार किया, जिससे अनिल बस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे, उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई. थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम ने बताया कि पुलिस ने बस चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

तांत्रिक क्रिया का डर दिखाकर छात्रा से दुष्कर्म, एआई से अश्लील वीडियो बनाने की धमकी

छात्रा ने डर के कारण बंद कर दिया था स्कूल जाना

इंदौर. राऊ थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म और उसे धमकाने के मामले में पुलिस ने उसके रिश्तेदार सचिन नामदेव के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर हिरासत में लिया है. आरोप है कि आरोपी ने तांत्रिक क्रिया का भय दिखाकर छात्रा को धमकाया और एआई की मदद से अश्लील फोटो वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी.

अप्रैल माह में आरोपी ने छात्रा को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया था. इसके बाद वह उसे डराता रहा, जिसके चलते छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया. काफी समय बाद उसने अपनी मां को पूरी घटना बताई, जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा. जांच में सामने आया कि आरोपी पहले छात्रा के परिवार को भूत प्रेत बाधा और कामकाज ठीक नहीं चलने का डर दिखाकर गुजरात से इंदौर लेकर आया था. पुलिस का कहना है कि आरोपी की छात्रा पर पहले से गलत नजर थी. पीड़िता ने शिकायत में बताया कि आरोपी ने उसे परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और कहा कि विरोध करने पर एआई की मदद से उसके अश्लील फोटो वीडियो बनाकर वायरल कर देगा. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, मामले में आरोपी से पूछताछ की जा रही है.

एक नजर में ▶ एंबुलेंस को भी नहीं मिलता रास्ता, मरीजों की सांसें सांसत में

रेंगते ट्रैफिक की पहचान बन गई शहर की सड़कें

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर की सड़कें अब रफ्तार नहीं, रेंगते ट्रैफिक की पहचान बनती जा रही हैं. फोर व्हीलर की बढ़ती संख्या से प्रमुख मार्ग रोज जाम की गिरफ्त में हैं. हालात ऐसे हैं कि एंबुलेंस तक फंस रही हैं, कभी कभी तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि मरीजों को अस्पताल ले जाते समय उनकी सांसें सांसत में फंस जाती है. लेकिन स्थायी समाधान अब भी नजर नहीं आ रहा.

देश के सबसे स्वास्थ्य शहरों में शुमार इंदौर अब तेजी से बढ़ते ट्रैफिक के दबाव से जूझ रहा है. शहर की प्रमुख सड़कें सुबह से देर रात तक वाहनों से भरी रहती हैं. फोर व्हीलरों की लगातार बढ़ती संख्या के

कारण कई मार्गों पर हर रोज बार बार लंबा जाम लगना आम बात हो गई है. स्थिति यह है कि वाहन चालकों को कुछ किलोमीटर का सफर तय करने में भी लंबा समय लग रहा है. सबसे अधिक परेशानी दोपहिया वाहन चालकों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें कारों और अन्य चार पहिया वाहनों के बीच जोखिम उठाकर निकलना पड़ता है. कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि छोटी सी लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है. यातायात जाम का सबसे गंभीर असर आपातकालीन सेवाओं पर पड़ रहा है. मरीजों को लेकर आ जा रही एंबुलेंस भी जाम में फंस रही है, जिससे गंभीर मरीजों की जान पर संकट खड़ा हो जाता है. इसके अलावा स्कूल बसें, सार्वजनिक परिवहन और रोजाना कार्यालय आने जाने वाले हजारों लोग भी घंटों जाम में फंसकर समय और ईंधन दोनों की बर्बादी झेल रहे हैं.

ठोस योजना जरुरी है...

3इंदौर में वाहन तेजी से बढ़ रहे हैं, लेकिन सड़कें नहीं. हर नया वाहन ट्रैफिक पर दबाव बढ़ा रहा है. अब केवल सिग्नल और चालान नहीं, बल्कि सड़क क्षमता बढ़ाने की ठोस योजना जरूरी है.

– इरफान खान

रोज सफर करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशान हैं। ऑफिस, स्कूल और बाजार पहुंचने में घंटों लग रहे हैं। जाम से ईंधन की बर्बादी, प्रदूषण और लोगों की दिनचर्या पर लगातार असर पड़ रहा है।

– लोकेश यादव

हालात ऐसे ही रहे तो संभलना नामुमकिन होगा...

प्रशासन को अब दीर्घकालीन ट्रैफिक प्लान लागू करना चाहिए. मल्टीलेवल पार्किंग, बेहतर सार्वजनिक परिवहन, वैकल्पिक मार्ग और स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम पर जल्द काम नहीं हुआ तो समस्या और बढ़ेगी, जिसे बाद में संभालना नामुमकिन होगा.

– मुन्नालाल आर्य